


# पैन्ट्स

इस ट्यूटोरियल में आप किसी के भी लिए आरामदायक पैंट कैसे बनाया जाए यह सीखेंगे।



क्या आप कभी एक ऐसी पैंट के जोड़े खोजते रहे है जो एकदम फिट और परिपूर्ण दिखता हो? अगली बार ऐसे मायावी जोड़ी खोजने में समय बर्बाद करने के बजाय, अपनी मशीन ले आए और खुद ही ऐसा पैंट कैसे बनाए वह सिख ले। हां, पहली बार एक परफेक्ट जोड़ी को बनाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन एक बार जब आप यह कर लेंगे तो हमें यकीन है कि आप यह चुनौती लेकर खुश हो जाएंगे!

यहाँ पर एक आसान टुटोरिअल बताया गया है, जिससे आपको अपनी पसंद की पैंट बनाने में मदद मिल सकती है। आपको आवश्यकता होगी: ढाई मीटर फैब्रिक, पैंट के लिए एक टेम्पलेट जिसे आप हमारी वेबसाइट ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं। इलास्टिक, धागे, इलास्टिक पास करने के लिए सेफ्टी पिन, कैंची की एक जोड़ी, टेप और एक मार्किंग पेन।

यह टेम्प्लेट एक एक्स्ट्रा स्मॉल साइज़ के पेन्ट खरीदने वाले के लिए है

अब सही बाजुओं को एकसाथ रखे हुए फोल्डेड कपड़े को टेबल पर रखें। अब कपड़े के ऊपर टेम्प्लेट बिछाएं, ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार टेम्प्लेट को कपड़े पर पिन करें।












अब सही बाजुओं को एकसाथ रखे हुए फोल्डेड कपड़े को टेबल पर रखें। अब कपड़े के ऊपर टेम्प्लेट बिछाएं, ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार टेम्प्लेट को कपड़े पर पिन करें।

हम आपको टेम्पलेट के माप और कट्स के बारे में फटाफट बताएंगे।

आपके पास सीम के लिए पर्याप्त है, यह सुनिश्चित करने के लिए - यह है पूरी लंबाई + 4 इंच है यानी टॉप केसिंग और बॉटम हेम अलाउंस, ऊपरी किनारे से क्रॉच की गहराई 1/4 हिप + 4 इंच ली गई है जिसमें इज़ और केसिंग अलाउंस शामिल है। इसी तरह क्रॉच स्तर के लिए इन दोनों मापों को केंद्र रेखा की किसी भी साइड से ले। यह घुमावदार क्रॉच लाइन है

कपड़े पर टेम्पलेट के किनारों को मार्क कर ले। मार्क की गई लाइनों के साथ काट ले। टेम्पलेट को अनपिन करें। हम पैन्ट्स के क्रोच को बनाने वाले सीम की सिलाई से शुरू करेंगे। यह घुमावदार क्रॉच लाइन है|

दोनों कपड़े के लेयर्स को एक साथ पिन करें। जैसा है वैसा ही जारी रखे| स्ट्रेट स्टिच के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और स्टीच लेंथ को ढाई पर करके अपनी मशीन को सेट करें।

एक लॉकस्टिच से शुरू करें... और उससे समाप्त करना भी याद रखें।
जैसे ही आप सिलाई करते जाए वैसे पिन बाहर निकालना याद रखे। एक साइड को पूरा करने के बाद, दूसरी साइड को सिले।

अब ओवर-एजिंग के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को C में बदलकर ज़िग-ज़ैग स्टीच चुने। सिलाई की लंबाई डेढ़ रखे। दोनों तरफ सिलाई करे। यह आपके परिधान को साफ-सुथरा फिनिश और मजबूती प्रदान करेगा और सुनिश्चित करेगा कि आपको कोई शर्मनाक वॉर्डरोब मालफंक्शन न हो! इन दोनों किनारों उनके दाहिने हिस्से एक-दूसरे के सामने रखकर एक साथ मिलाएं, इस तरह...। जिससे पैंट की एक जोड़ी का आकार मिले।

ये आपके पैंट के अंदर के पैर हैं.. पैंट के अंदर के पैरों को एक साथ संरेखित करें और पिन करें। अंदरूनी लंबाई सिलने के लिए, पैन्ट्स के जोड़े को अपने सिलाई मशीन के ऊपर ले।



सीधे टांके के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर मोड़ें, और स्टीच लंबाई को ढाई पर करे। भीतरी लंबाई में सिलाई करें। एक रिवर्स सिलाई के साथ शुरू और समाप्त करना याद रखें।

सिलाई करते जाए तब पिन निकालते जाए। अब ओवर-एजिंग के लिए फिर से जिग-ज़ैग टांके का उपयोग करें। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C और स्टीच लेंथ को डेढ़ रखे।





अंदरूनी लंबाई को सीले। दूसरी तरफ दोहराएं। आगे हम बॉटम और कमर बैंड की सिलाई पर काम करेंगे। नीचे के किनारों को आधा इंच और फिर 1 इंच से मोड़ें, और पिन कर ले। दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें।



इसी तरह टॉप पर आधा इंच और सवा इंच से डबल फोल्ड करे। और पिन कर ले। कमरबंद पर सिम अलाउंस के समान एक अनुरूप पॉइंट बनाएं। उस पॉइंट से सवा इंच मापें और मार्क करें।





यह हमारे लिए इलास्टिक डालने का ओपनिंग बनेगा। अपनी सिलाई मशीन के पैटर्न सिलेक्टर को A पर और स्टीच लेंथ को ढाई इंच सेट करें। फ्री आर्म सिलाई के लिए सिलाई मशीन के सामने के हिस्से को निकालें, जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है। फोल्डेड बॉटम्स को सिले। जैसे आप सिलाई करते जाए वैसे पिन निकाल लें।




दोनों साइड के बॉटम सील जाने के बाद, सिलाई मशीन के सामने के हिस्से को फिर से अटैच करें।

दोनों साइड के बॉटम सील जाने के बाद, सिलाई मशीन के सामने के हिस्से को फिर से अटैच करें।



अब कमर बैंड पर आगे बढ़ते है। एक चिह्नित बिंदु से दूसरे बिंदु के चारों ओर, चिह्नित बिंदुओं के बीच एक छोटा सा ओपनिंग छोड़कर सिलते जाए। कमर की लंबाई के सामने इलास्टिक को मापें - यह आमतौर पर आपकी कुल कमर के आधे से एक-दो इंच अतिरिक्त होना चाहिए।

माप पर काट ले। सेफ्टी पिन की मदद से कमरबंद ओपनिंग के अंदर इलास्टिक डालें इलास्टिक की किनार को पिन कर ले ताकि इलास्टिक की पूरी लंबाई उसमे से पास न हो जाए।

इलास्टिक अंदर आ जाने के बाद दोनों छोर को एक साथ थोड़ा ओवरलैप करके पिन कर ले। इलास्टिक के छोर को एकसाथ सिलाई करें... जैसे यह एक बॉक्स में है। इस पहले से ही सिली हुई लाइन पर सिलाई करें। अतिरिक्त धागा ट्रिम कर ले।

कमरबंद में इलास्टिक डालें। कुछ टांके के साथ ओपनिंग को बंद करें। दोनों सिरों पर लोकस्टिच करना याद रखें। अतिरिक्त धागे ट्रिम कर ले। पैंट की सही बाजु को बाहर की ओर मोड़ें। यह तीव्रता से आयरन करे... और चुनौती जीत गए आप!

अब आपको कभी भी उस अपने लिए एक पैंट की परफेक्ट जोड़ी को खोजने का स्ट्रेस नहीं लेना पड़ेगा, क्योंकि आप अपने खुद के लिए उसे सिल सकते हैं! ऐसा करने में मजा आता है, है कि नहीं!